दादी जी को पत्र

(पत्र)

12

दादी जी, दिनांकः 5, फरवरी 20___

नमस्ते,

आप कैसी हैं? उम्मीद करती हूँ आप ठीक होंगी। मैंने एक विद्यालय में प्रवेश लिया है। शुरू-शुरू में तो मुझे विद्यालय जाना बिलकुल अच्छा नहीं लगा। मैं बहुत रोई भी; परंतु मेरी अध्यापिका ने मुझे गोद में उठाकर प्यार किया। एक गुड़िया भी दी और कहा– "यह भी तुम्हारा घर ही है।" पर मैं अभी भी डर रही थी।

मैंने उनसे पूछा कि अगर यहाँ कोई बच्चा मुझे तंग करे तो? "तो तुम *फौरन* मुझे बताना," अध्यापिका ने कहा। तभी से मेरा डर दूर हो गया।

कल मम्मी-पापा ने आपसे टेलीफोन पर बात की; परंतु मुझे मौका ही नहीं दिया। मुझे भी तो आपसे बात करनी थी। जब मैं नाराज हुई तो माँ बोलीं– "बेटी, तुम दादी माँ को *पत्र* लिखना ताकि उन्हें पता चले कि तुम पढ़ना-लिखना सीख गई हो।" सच! मुझे यह सुनकर बड़ा अच्छा लगा।

आपको पत्र लिखने में मुझे बड़ा *मजा* आ रहा है। आप अपने स्वेटर, टोपी सब कुछ सँभाल कर रखना। मेरे लिए थोड़े-से तिल के लड्डू भेज देना।

आप यहाँ कब आओगी? मुझे आपसे बहुत सारी बातें करनी हैं। अपनी अटैची तैयार रखना। मैं पापा को आपको लाने के लिए दशहरे पर जरूर भेजूँगी। आप *कृपया* आ जाना। अपना ध्यान रखना।

आपकी अपनी

पलक

शब्द-भंडार

पत्र – खत/चिट्ठी *(letter)*, फौरन – तुरंत *(at once)*,
मजा – आनंद *(joy)*, कृपया – मेहरबानी करके *(please)*।

अभ्यास

मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए–

उम्मीद   प्रवेश   अध्यापिका   टेलीफोन

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–

(क) पलक ने यह पत्र किसे लिखा?

(ख) पलक ने दादी से पत्र में किस विषय पर चर्चा की है?

लिखित

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए–

(क) पलक ने किसे पत्र लिखा है?

☐ दादी जी को   ☐ नानी जी को   ☐ दादा जी को

(ख) नए विद्यालय में जाकर पहले पलक-

☐ नाची   ☐ रोई   ☐ घूमी

(ग) अध्यापिका के समझाने पर पलक का .... दूर हो गया था।

☐ डर   ☐ हँसी   ☐ रोना

2. वाक्यों को पूरा कीजिए—

दादीजी, मजा, विद्यालय

(क) पलक को शुरू—शुरू में .... जाना अच्छा नहीं लगता था।

(ख) पलक ने अपनी .... को पत्र लिखा।

(ग) पलक को पत्र लिखने में बड़ा .... आ रहा था।

3. सही वाक्य के सामने (✓) तथा गलत के सामने (✗) का निशान लगाइए—

(क) पत्र लिखना बहुत कठिन है। ☐

(ख) पलक की अध्यापिका ने उसे डाँटा था। ☐

(ग) पलक को दादी जी से बहुत बातें करनी थी। ☐

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(क) पलक ने कहाँ प्रवेश लिया था?

....

(ख) पलक ने दादी जी से क्या भेजने का अनुरोध किया था?

....

(ग) दशहरे पर पलक के पापा किसे लेने जाएँगे?

....

भाषा-ज्ञान

जिन शब्दों का अर्थ समान होता है, उन्हें समानार्थी या पर्यायवाची शब्द कहते हैं।

नीचे दिए गए कुछ पर्यायवाची शब्दों को पढ़िए और समझिए—

थोड़ा – कम, अल्प।

फौरन – तुरंत, एकदम।

क्रियात्मक गतिविधि

- अपने किसी रिश्तेदार को पत्र लिखकर अपने विद्यालय के बारे में बताइए।